अनुभव सिन्हा संग काम करना श्राप जैसा: तापसी

अनुभव सिन्हा की फिल्म थप्पड़ की शूटिंग एक महीने में पूरी हे गई है। रविवार को फिल्म की शूटिंग पूरी हुई जिसके बाद पूरी टीम काफी भावुक हो गई। तापसी पन्नू ने भी सोशल मीडिया पर एक नोट लिखकर शूटिंग पूरी होने की जानकारी दी है। साथ ही उन्होंने अनुभव सिन्हा के साथ अपने बॉन्ड के बारे में भी बातें की हैं। बता दें कि तापसी और अनुभव इससे पहले फिल्म मुल्क में साथ काम कर चुके हैं। तापसी ने फिल्म के सेट की एक तस्वीर शेयर करते हुए कैप्शन लिखा, फाइनल पैकअप। 31 दिन तूफान से भी तेज गुजर गए लेकिन उसका असर भी उतना ही रहा। मैं अपनी किस्मत को धन्यवाद देती हूं कि मुझे ऐसे डायरेक्टर के साथ काम करने को मिला। (और मैं दोगुनी लकी हूं।) लेकिन कभी-कभी मुझे लगता है उनके साथ काम करना एक श्राप जैसा है। सहजता का श्राप, सबकुछ आसान होने का श्राप, कॉम्पलेक्स इमोशन को भी सरल कर देने का श्राप, सीखने के लिए इतना कुछ और इतनी खुशी। सिर्फ एक चीज जो कम थी वह हैं दिन। यहां से आगे बढ़ना बहुत कठिन है। अनुभव सिन्हा, मैं एक ऐक्टर के तौर पर नहीं तो एक डायटीशियन के तौर पर तो आपके पीछे पड़ी रहूंगी। अनुभव सिन्हा की फिल्म थप्पड़ एक नारी सशक्तिकरण पर बेस्ड फिल्म है। फिल्म रिलीज भी अगले साल महिला दिवस के मौके पर होगी। फिलहाल तापसी पन्नू की फिल्म सांड की आंख रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में उनके साथ भूमि पेडनेकर भी हैं।

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

शाहिद कपूर की जर्सी रीमेक से बाहर हुईं रश्मिका मंदाना

शाहिद कपूर इन दिनों सफलता के आसमान पर है। साल ही सबसे बड़ी हिट फिल्म कबीर सिंह देने के बाद शाहिद ने अपनी फीस में जबरदस्त इजाफा किया है। इस फिल्म के बाद शाहिद ने हाल ही में अपनी नई फिल्म का ऐलान किया है। ये फिल्म भी साउथ की सुपरहिट फिल्म की हिन्दी रीमेक होगी। शाहिद कपूर साउथ स्टार नानी की सुपरहिट फिल्म जर्सी के हिन्दी रीमेक में काम करने जा रहे हैं। पिछले काफी समय से खबरें आ रही थी कि इस फिल्म में शाहिद के साथ साउथ की एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना काम करती नजर आएंगी।

हालांकि अब लगता है कि ऐसा नहीं होने वाला है। खबर के मुताबिक, रश्मिका से फिल्म जर्सी के हिन्दी रीमेक को लेकर बातचीत चल रही थी। ये डील पक्की हो ही गई थी लेकिन रश्मिका और फिल्म के मेकर्स पैसों को लेकर सहमत नहीं हो पा रहे थे। इसके अलावा फिल्म के मेकर्स अगले महीने ही इसकी शूटिंग शुरू करना चाहते थे और रश्मिका उस समय किसी और साउथ फिल्म को शूट करने वाली हैं। इसलिए अब कहा जा रहा है कि मेकर्स ने दूसरी एक्ट्रेस को फिल्म में लीड रोल निभाने का ऑफर दे दिया है।

खबरों के अनुसार एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर को इस फिल्म के लिए अप्रोच किया गया है। हालांकि मृणाल का इस फिल्म को साइन करना अभी बाकी है। बताया जा रहा है कि फिल्म के मेकर्स दिल राजू चाहते थे कि रश्मिका इस फिल्म में काम करें और इससे अपना हिन्दी फिल्म डेब्यू करें।

बाला में टिकटॉक स्टार के किरदार में नजर आएंगी यामी गौतम

बॉलीवुड एक्ट्रेस यामी गौतम जल्दी ही फिल्म बाला में एक बार फिर से आयुष्मान खुराना के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर करती नजर आ रही हैं. इस फिल्म में यामी गौतम टिकटॉक स्टार की भूमिका निभाती नजर आएंगी. अपने किरदार की तैयारियों को लेकर उनका मानना है कि वीडियो शेयरिंग एप ने किरदार की तैयारी करने में उनकी काफी मदद की. किरदार की तैयारी करने के लिए यामी ने टिकटॉक पर अपना निजी अकाउंट बनाया था. इस बारे में अभिनेत्री ने कहा, मेरे लिए यह मायने रखता है कि लोग आएंगे फिल्म में मेरा अभिनय देखेंगे न कि मैं कैसी इंसान हूं वो ये देखने आएंगे. मैंने किरदार के हर हाव-भाव में ढलने के लिए अपनी जी जान लगा दी है, ताकि लोग मेरे किरदार के प्रति आर्कषक हों. मैं नजाकत से लेकर छोटे शहर के लोगों के व्यवहार की हर बारीकी पर पकड़ बनाना चाहती थी. अभिनेत्री ने आगे कहा, टिकटॉक वीडियो को देख कर मुझे किरदार पर काम करने में बहुत मदद मिली. वहीं, फिल्म के बारे में बात करते हुए आयुष्मान ने कहा, बेहतरीन कंटेंट के दौर में बाला की कहानी बाकी फिल्मों से अलग है और उम्मीद है कि फिल्म देश में सभी का मनोरंजन करेगी. यह मेरी सर्वश्रेष्ठ फिल्मों में से एक है और मुझे गर्व है कि बाला मेरी फिल्मोग्राफी का हिस्सा है. अभिनेता ने आगे कहा, स्क्रिप्ट पढ़ते ही मैं इससे प्रभावित हो गया. इसकी कहानी मजेदार, व्यंग्यपूर्ण और भावनात्मक है. आयुष्मान के अनुसार बाला दर्शकों को एक अर्थपूर्ण संदेश देगी. अमर कौशिक द्वारा निर्देशित बाला में आयुष्मान खुराना और भूमि पेडनेकर भी है. फिल्म 7 नवंबर को रिलीज होगी.